प्राध्यापक एवं कोच (मा० शि० वि०) प्रतियोगी परीक्षा, 2024 स्कूलशिक्षा

(ग्रुप - B)

366373

**CSL-25**

इस प्रश्न-पुस्तिका को तब तक न खोलें जब तक कहा न जाए । Do not open this Question Booklet until you are asked to do so.

| | | |
|---|---|---|
| पुस्तिका में पृष्ठों की संख्या | : | 24 |
| Number of Pages in Booklet | : | 24 |
| पुस्तिका में प्रश्नों की संख्या | : | 75 |
| No. of Questions in Booklet | : | 75 |

प्रश्न-पुस्तिका संख्या व बारकोड / Question Booklet No. & Barcode

**Paper Code : OB**

**Paper – I**

**Sub : General Awareness and General Studies**

**समय : 01:30 घण्टे + 10 मिनट अतिरिक्त***
**Time : 01:30 Hours + 10 Minutes Extra***

परीक्षा तिथि - 26/06/2025

**अधिकतम अंक : 150**
**Maximum Marks : 150**

**प्रश्न-पुस्तिका के पेपर की सील/पॉलिथीन बैग को खोलने पर प्रश्न-पत्र हल करने से पूर्व परीक्षार्थी यह सुनिश्चित कर लें कि :**
- **प्रश्न-पुस्तिका संख्या तथा ओ.एम.आर. उत्तर-पत्रक पर अंकित बारकोड संख्या समान हैं ।**
- **प्रश्न-पुस्तिका एवं ओ.एम.आर. उत्तर-पत्रक के सभी पृष्ठ व सभी प्रश्न सही मुद्रित हैं । समस्त प्रश्न, जैसा कि ऊपर वर्णित है, उपलब्ध हैं तथा कोई भी पृष्ठ कम नहीं है/ मुद्रण त्रुटि नहीं है ।**

**किसी भी प्रकार की विसंगति या दोषपूर्ण होने पर परीक्षार्थी वीक्षक से दूसरा प्रश्न-पत्र प्राप्त कर लें । यह सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी अभ्यर्थी की होगी । परीक्षा प्रारम्भ होने के 5 मिनट पश्चात् ऐसे किसी दावे/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा ।**

**On opening the paper seal/polythene bag of the Question Booklet before attempting the question paper, the candidate should ensure that :**
- **Question Booklet Number and Barcode Number of OMR Answer Sheet are same.**
- **All pages & Questions of Question Booklet and OMR Answer Sheet are properly printed. All questions as mentioned above are available and no page is missing/misprinted.**

**If there is any discrepancy/defect, candidate must obtain another Question Booklet from Invigilator. Candidate himself shall be responsible for ensuring this. No claim/objection in this regard will be entertained after five minutes of start of examination.**

## परीक्षार्थियों के लिए निर्देश

1. **प्रत्येक प्रश्न के लिये एक विकल्प भरना अनिवार्य है ।**
2. **सभी** प्रश्नों के अंक समान हैं ।
3. प्रत्येक प्रश्न का मात्र **एक** ही उत्तर दीजिए । एक से अधिक उत्तर देने की दशा में प्रश्न के उत्तर को गलत माना जाएगा ।
4. **OMR** उत्तर-पत्रक इस प्रश्न-पुस्तिका के अन्दर रखा है । जब आपको प्रश्न-पुस्तिका खोलने को कहा जाए, तो उत्तर-पत्रक निकाल कर ध्यान से केवल **नीले बॉल पॉइंट पेन** से विवरण भरें ।
5. कृपया अपना रोल नम्बर ओ.एम.आर. उत्तर-पत्रक पर सावधानीपूर्वक सही भरें । गलत रोल नम्बर भरने पर परीक्षार्थी स्वयं उत्तरदायी होगा ।
6. **ओ.एम.आर. उत्तर-पत्रक में करेक्शन पेन/व्हाईटनर/सफेदा का उपयोग निषिद्ध है ।**
7. **प्रत्येक गलत उत्तर के लिए प्रश्न अंक का 1/3 भाग काटा जायेगा** । गलत उत्तर से तात्पर्य अशुद्ध उत्तर अथवा किसी भी प्रश्न के एक से अधिक उत्तर से है ।
8. **प्रत्येक प्रश्न के पाँच विकल्प दिये गये हैं, जिन्हें क्रमशः 1, 2, 3, 4, 5 अंकित किया गया है । अभ्यर्थी को सही उत्तर निर्दिष्ट करते हुए उनमें से केवल एक गोले (बबल) को उत्तर-पत्रक पर नीले बॉल पॉइंट पेन से गहरा करना है ।**
9. **यदि आप प्रश्न का उत्तर नहीं देना चाहते हैं तो उत्तर-पत्रक में पांचवें (5) विकल्प को गहरा करें । यदि पांच में से कोई भी गोला गहरा नहीं किया जाता है, तो ऐसे प्रश्न के लिये प्रश्न अंक का 1/3 भाग काटा जायेगा ।**
10.* **प्रश्न-पत्र हल करने के उपरांत अभ्यर्थी अनिवार्य रूप से ओ.एम.आर. उत्तर-पत्रक जांच लें कि समस्त प्रश्नों के लिये एक विकल्प (गोला) भर दिया गया है । इसके लिये ही निर्धारित समय से 10 मिनट का अतिरिक्त समय दिया गया है ।**
11. **यदि अभ्यर्थी 10% से अधिक प्रश्नों में पांच विकल्पों में से कोई भी विकल्प अंकित नहीं करता है तो उसको अयोग्य माना जायेगा ।**
12. यदि किसी प्रश्न में किसी प्रकार की कोई मुद्रण या तथ्यात्मक प्रकार की त्रुटि हो तो प्रश्न के हिन्दी तथा अंग्रेजी रूपान्तरों में से अंग्रेजी रूपान्तर मान्य होगा ।
13. **मोबाइल फोन अथवा अन्य किसी इलेक्ट्रोनिक यंत्र का परीक्षा हॉल में प्रयोग पूर्णतया वर्जित है । यदि किसी अभ्यर्थी के पास ऐसी कोई वर्जित सामग्री मिलती है तो उसके विरुद्ध आयोग द्वारा नियमानुसार कार्यवाही की जायेगी ।**

**चेतावनी :** अगर कोई अभ्यर्थी नकल करते पकड़ा जाता है या उसके पास से कोई अनधिकृत सामग्री पाई जाती है, तो उस अभ्यर्थी के विरुद्ध पुलिस में प्राथमिकी दर्ज कराते हुए **राजस्थान सार्वजनिक परीक्षा (भर्ती में अनुचित साधनों की रोकथाम अध्युपाय) अधिनियम, 2022** तथा अन्य प्रभावी कानून एवं आयोग के **नियमों-प्रावधानों** के तहत कार्यवाही की जाएगी । साथ ही आयोग ऐसे अभ्यर्थी को भविष्य में होने वाली आयोग की समस्त परीक्षाओं से विवर्जित कर सकता है ।

## INSTRUCTIONS FOR CANDIDATES

1. **It is mandatory to fill one option for each question.**
2. **All** questions carry equal marks.
3. Only **one** answer is to be given for each question. If more than **one** answers are marked, it would be treated as wrong answer.
4. The **OMR** Answer Sheet is inside this Question Booklet. When you are directed to open the Question Booklet, take out the Answer Sheet and fill in the particulars carefully with **Blue Ball Point Pen** only.
5. Please correctly fill your Roll Number in **OMR** Answer Sheet. Candidates will themselves be responsible for filling wrong Roll No.
6. **Use of Correction Pen/Whitener in the OMR Answer Sheet is strictly forbidden.**
7. **1/3 part of the mark(s) of each question will be deducted for each wrong answer.** A wrong answer means an incorrect answer or more than one answers for any question.
8. **Each question has five options marked as 1, 2, 3, 4, 5. You have to darken only one circle (bubble) indicating the correct answer on the Answer Sheet using BLUE BALL POINT PEN.**
9. **If you are not attempting a question then you have to darken the circle '5'. If none of the five circles is darkened, one third (1/3) part of the marks of question shall be deducted.**
10.* **After solving question paper, candidate must ascertain that he/she has darkened one of the circles (bubbles) for each of the questions. Extra time of 10 minutes beyond scheduled time, is provided for this.**
11. **A candidate who has not darkened any of the five circles in more than 10% questions shall be disqualified.**
12. If there is any sort of ambiguity/mistake either of printing or factual nature then out of Hindi and English Versions of the question, the English Version will be treated as standard.
13. **Mobile Phone or any other electronic gadget in the examination hall is strictly prohibited. A candidate found with any of such objectionable material with him/her will be strictly dealt with as per rules.**

**Warning :** If a candidate is found copying or if any unauthorized material is found in his/her possession, F.I.R. would be lodged against him/her in the Police Station and he/she would be liable to be prosecuted under **Rajasthan Public Examination (Measures for Prevention of Unfair means in Recruitment) Act, 2022 & any other laws applicable and Commission's Rules-Regulations.** Commission may also debar him/her permanently from all future examinations.

**उत्तर-पत्रक में दो प्रतियाँ हैं – मूल प्रति और कार्बन प्रति। परीक्षा समाप्ति पर परीक्षा कक्ष छोड़ने से पूर्व परीक्षार्थी उत्तर-पत्रक की दोनों प्रतियाँ वीक्षक को सौंपेंगे, परीक्षार्थी स्वयं कार्बन प्रति अलग नहीं करें । वीक्षक उत्तर-पत्रक की मूल प्रति को अपने पास जमा कर, कार्बन प्रति को मूल प्रति से कट लाइन से मोड़ कर सावधानीपूर्वक अलग कर परीक्षार्थी को सौंपेंगे, जिसे परीक्षार्थी अपने साथ ले जायेंगे । परीक्षार्थी को उत्तर-पत्रक की कार्बन प्रति चयन प्रक्रिया पूर्ण होने तक सुरक्षित रखनी होगी एवं आयोग द्वारा माँगे जाने पर प्रस्तुत करनी होगी ।**

1. निम्न में से किसके द्वारा बिजोलिया किसान आन्दोलन में भवानी दयाल के नेतृत्व में एक जाँच आयोग नियुक्त किया गया ?

(1) अखिल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस

(2) मेवाड़ के महाराणा

(3) राजस्थान सेवा संघ

(4) राजपूताना मध्य भारत सभा

(5) अनुत्तरित प्रश्न

1. Which among the following appointed an Enquiry Commission under the leadership of Bhawani Dayal in the Bijolia Peasant Movement ?

(1) All India National Congress

(2) Maharana of Mewar

(3) Rajasthan Seva Sangh

(4) Rajputana Madhya Bharat Sabha

(5) Question not attempted

2. निम्नलिखित में से कौन करौली प्रजामण्डल आंदोलन से सम्बद्ध नहीं हैं ?

(1) त्रिलोकचंद्र माथुर

(2) स्वामी गोपालदास

(3) चिरंजीलाल शर्मा

(4) मानसिंह

(5) अनुत्तरित प्रश्न

2. Who among the following is not associated with the Karauli Prajamandal Movement ?

(1) Trilok Chandra Mathur

(2) Swami Gopaldas

(3) Chiranjilal Sharma

(4) Man Singh

(5) Question not attempted

3. 1857 के विद्रोह के समय अजमेर का शस्त्रागार किस नेटिव इंफेंट्री के द्वारा रक्षित था ?

(1) 15वीं नेटिव इंफेंट्री

(2) महारानी की 83वीं लाइट इंफेंट्री

(3) 30वीं नेटिव इंफेंट्री की ग्रेनेडियर कंपनी

(4) बंबई लांसर्स

(5) अनुत्तरित प्रश्न

3. During the revolt of 1857, the arsenal of Ajmer was guarded by which Native Infantry ?

(1) 15th Native Infantry

(2) Her Majesty's 83rd Light Infantry

(3) Grenadier Company of 30th Native Infantry

(4) The Bombay Lancers

(5) Question not attempted

366373

4. राजस्थान की किस रियासत ने सरदार पटेल द्वारा रियासतों के भारत में विलय की नीति के विरुद्ध पाकिस्तान में सम्मिलित होने का प्रयास किया ?

(1) बीकानेर

(2) जैसलमेर

(3) जोधपुर

(4) जयपुर

(5) अनुत्तरित प्रश्न

4. Which princely state of Rajasthan attempted to accede to Pakistan against the policy of merging of princely states in India by Sardar Patel ?

(1) Bikaner

(2) Jaisalmer

(3) Jodhpur

(4) Jaipur

(5) Question not attempted

5. निम्नलिखित युग्मों में से कौन सा/से सुमेलित है/हैं ?

| ग्रंथ | | रचयिता |
|---|---|---|
| A. वेलि क्रिसन-रुकमणी-री | – | पृथ्वीराज |
| B. वीरमायण | – | दुरसा आढ़ा |
| C. अचलदास खींची री वचनिका | – | शिवदास गाडण |

कूट :

(1) केवल A (2) A और B

(3) A और C (4) A, B और C

(5) अनुत्तरित प्रश्न

5. Which of the following pairs is/are correctly matched ?

| Text | | Author |
|---|---|---|
| A. Veli Krisan-Rukmani-Ri | – | Prithviraj |
| B. Veermayan | – | Dursa Arha |
| C. Achaldas Khinchi Ri Vachnika | – | Shivdas Gadan |

**Codes :**

(1) Only A (2) A and B

(3) A and C (4) A, B and C

(5) Question not attempted

6. अलवर के बाला किला के संबंध में कौन सा कथन सही नहीं है ?

(1) इसमें 15 बड़े और 52 छोटे बुर्ज हैं ।

(2) विनयसिंह द्वारा हवा बँगला बुर्ज बनवाया गया था ।

(3) भरतपुर के राजा सूरजमल ने किले के अंदर एक जलाशय सूर्य कुण्ड बनवाया ।

(4) निकुंभों की चतुर्भुज देवी किले में स्थापित हैं ।

(5) अनुत्तरित प्रश्न

6. Which statement is incorrect regarding Bala Qila of Alwar ?

(1) It has fifteen big and fifty two small Burj.

(2) Hawa Bangla Burj was constructed by Vinay Singh.

(3) Raja Surajmal of Bharatpur built a reservoir Surya Kund in the fort.

(4) Chaturbhuj devi of Nikumbhas is located in the fort.

(5) Question not attempted

7. मेवाड़ के अमर सिंह I के कार्यकाल में रागमाला चित्रित करने वाले चित्रकार का नाम बताइए ।

(1) निसारदीन

(2) साहबदीन

(3) मनोहर

(4) सारंगधर

(5) अनुत्तरित प्रश्न

7. Name the painter who painted Ragamala during the tenure of Amar Singh I of Mewar.

(1) Nisardin

(2) Sahabdin

(3) Manohar

(4) Sarangdhar

(5) Question not attempted

8. निम्नलिखित श्रेणी का अगला पद है :

5, 10, 26, 50, 122, .....

(1) 154

(2) 168

(3) 170

(4) 182

(5) अनुत्तरित प्रश्न

8. The next term of the following series is :

5, 10, 26, 50, 122, .....

(1) 154

(2) 168

(3) 170

(4) 182

(5) Question not attempted

9. भारत में किसी भी स्थल पर तेजाजी के मन्दिर के निर्माण के उपरान्त जागती जोत किस तीर्थ स्थल से ले जाई जाती है ?

(1) खड़नाल

(2) पनेर

(3) कोलू

(4) सुरसुरा

(5) अनुत्तरित प्रश्न

9. From which pilgrimage site is the eternal fire taken after the construction of Tejaji Temple at any place in India ?

(1) Khadnal

(2) Paner

(3) Kolu

(4) Sursura

(5) Question not attempted

366373

10. यदि $x^2$ और $\frac{1}{x^2}$ का समान्तर माध्य $M^2$ है, तो $x$ और $\frac{1}{x}$ का माध्य होगा :

(1) $\sqrt{M^2 - 1}$

(2) $\frac{\sqrt{(M^2 + 1)}}{2}$

(3) $\sqrt{\left(\frac{M^2 + 1}{2}\right)}$

(4) $\sqrt{\left(\frac{M^2 - 1}{2}\right)}$

(5) अनुत्तरित प्रश्न

11. निम्न प्रेक्षणों को बढ़ते हुए क्रम में व्यवस्थित किया गया है :

29, 32, 48, 50, $x$, $x + 2$, 72, 78, 84, 95

यदि इन आँकड़ों की माध्यिका 63 हो, तो $x$ का मान है

(1) 60 (2) 62

(3) 68 (4) 72

(5) अनुत्तरित प्रश्न

12. सात व्यक्ति A, B, C, D, E, F और G एक पंक्ति में इसी क्रमानुसार खड़े हैं । प्रथम दो व्यक्तियों A और B के मध्य दूरी 10 मीटर है तथा क्रमागत व्यक्तियों के मध्य दूरी 1 मीटर कम हो जाती है; तो B और F के मध्य दूरी है :

(1) 35 मीटर

(2) 32 मीटर

(3) 30 मीटर

(4) 34 मीटर

(5) अनुत्तरित प्रश्न

10. If the arithmetic mean of $x^2$ and $\frac{1}{x^2}$ is $M^2$, then mean of $x$ and $\frac{1}{x}$ is

(1) $\sqrt{M^2 - 1}$

(2) $\frac{\sqrt{(M^2 + 1)}}{2}$

(3) $\sqrt{\left(\frac{M^2 + 1}{2}\right)}$

(4) $\sqrt{\left(\frac{M^2 - 1}{2}\right)}$

(5) Question not attempted

11. The following observations have been arranged in ascending order :

29, 32, 48, 50, $x$, $x + 2$, 72, 78, 84, 95

If the median of the data is 63, then the value of $x$ is

(1) 60 (2) 62

(3) 68 (4) 72

(5) Question not attempted

12. Seven persons A, B, C, D, E, F and G are standing in a row sequentially. The distance between the first two persons A and B is 10 metre and the distance between successive persons decreases by 1 metre; then distance between B and F is :

(1) 35 metre

(2) 32 metre

(3) 30 metre

(4) 34 metre

(5) Question not attempted

**13.** यदि बहुपद $x^3 - 4x^2 + x + 6$ का एक शून्य '–1' है, तब अन्य शून्य हैं

(1) 2, –3 (2) –2, 3

(3) 2, 3 (4) –2, –3

(5) अनुत्तरित प्रश्न

**14.** यदि रैखिक समीकरणों के युग्म

$2x + 3y = 7$

$2ax + (a + b)\,y = 28$

के अनन्त हल विद्यमान हैं, तो निम्न में से कौन सा सत्य है ?

(1) a = 2b (2) b = 2a

(3) a + 2b = 0 (4) b + 2a = 0

(5) अनुत्तरित प्रश्न

**15.** यदि $x = 2 + \sqrt{3}$ है, तो निम्न कथनों पर विचार कीजिए :

A. $\left(x + \frac{1}{x}\right)$ एक परिमेय संख्या है ।

B. $\left(x - \frac{1}{x}\right)$ एक अपरिमेय संख्या है ।

C. $\left(x + \frac{1}{x}\right)^2 \left(x - \frac{1}{x}\right)$ एक परिमेय संख्या है ।

D. $\left(x + \frac{1}{x}\right)\left(x - \frac{1}{x}\right)$ एक अपरिमेय संख्या है ।

निम्न में से सही विकल्प चुनिए :

(1) कथन A, B व C सही हैं ।

(2) कथन A, B व D सही हैं ।

(3) कथन A, C व D सही हैं ।

(4) कथन B, C व D सही हैं ।

(5) अनुत्तरित प्रश्न

**13.** If one zero of polynomial $x^3 - 4x^2 + x + 6$ is '–1', then other zeroes are

(1) 2, –3 (2) –2, 3

(3) 2, 3 (4) –2, –3

(5) Question not attempted

**14.** If the pair of linear equations

$2x + 3y = 7$

$2ax + (a + b)\,y = 28$

has infinitely many solutions, then which of the following is true ?

(1) a = 2b (2) b = 2a

(3) a + 2b = 0 (4) b + 2a = 0

(5) Question not attempted

**15.** If $x = 2 + \sqrt{3}$, then consider the following statements :

A. $\left(x + \frac{1}{x}\right)$ is a rational number.

B. $\left(x - \frac{1}{x}\right)$ is an irrational number.

C. $\left(x + \frac{1}{x}\right)^2 \left(x - \frac{1}{x}\right)$ is a rational number.

D. $\left(x + \frac{1}{x}\right)\left(x - \frac{1}{x}\right)$ is an irrational number.

Choose the correct option from the following :

(1) Statements A, B and C are correct.

(2) Statements A, B and D are correct.

(3) Statements A, C and D are correct.

(4) Statements B, C and D are correct.

(5) Question not attempted

16. त्रिज्या 2r के धातु के एक ठोस गोले को 4r आंतरिक व्यास व 4r ऊँचाई के एक बेलन में रखा जाता है। बेलन पूरी तरह पानी से भरा जाता है। भरे हुए पानी का आयतन
(यह मानते हुए कि पानी पूर्ण रिक्त स्थान को भर रहा है)

(1) गोले के आयतन के बराबर है।
(2) बेलन के आयतन से आधा है।
(3) गोले के आयतन से दुगुना है।
(4) गोले के आयतन से आधा है।
(5) अनुत्तरित प्रश्न

17. विमाओं 5.5 सेमी × 10 सेमी × 3.5 सेमी वाला एक घनाभ बनाने के लिए, 1.75 सेमी व्यास तथा 2 मिलीमीटर मोटाई वाले कितने चाँदी के सिक्कों को पिघलाना पड़ेगा ?

(1) 200
(2) 300
(3) 360
(4) 400
(5) अनुत्तरित प्रश्न

18. एक लम्ब-वृत्तीय शंकु की तिर्यक भुजा 10 मीटर और इसकी ऊँचाई 8 मीटर है। इसके वक्र पृष्ठ का क्षेत्रफल है ($\pi = 3.14$)

(1) 94.2 मीटर$^2$
(2) 188.4 मीटर$^2$
(3) 62.8 मीटर$^2$
(4) 125.6 मीटर$^2$
(5) अनुत्तरित प्रश्न

16. A solid metal sphere of radius 2r is put into a cylinder of internal diameter 4r and height equal to 4r. Cylinder is completely filled with water. The volume of water filled is

(Assume that water occupy complete blank space)

(1) Equal to volume of sphere.
(2) Half of volume of cylinder.
(3) Double of volume of sphere.
(4) Half of volume of sphere.
(5) Question not attempted

17. How many silver coins of 1.75 cm in diameter and of thickness 2 mm, must be melted to form a cuboid of dimensions 5.5 cm × 10 cm × 3.5 cm ?

(1) 200
(2) 300
(3) 360
(4) 400
(5) Question not attempted

18. The slant side of a right-circular cone is 10 m and its height is 8 m. The area of its curved surface is :

($\pi = 3.14$)

(1) 94.2 $m^2$
(2) 188.4 $m^2$
(3) 62.8 $m^2$
(4) 125.6 $m^2$
(5) Question not attempted

19. निम्नलिखित में से किस विकल्प के सभी शब्द 'ई' प्रत्यय से निर्मित हैं ?

(1) सूती, पढ़ाई, राजस्थानी

(2) बुराई, लालची, चतुराई

(3) घमण्डी, ऊनी, हिन्दुस्तानी

(4) जुआरी, पहाड़ी, भिखारी

(5) अनुत्तरित प्रश्न

20. निम्नलिखित में विलोम युग्म नहीं है :

(1) नैसर्गिक – प्राकृतिक

(2) आविर्भाव – तिरोभाव

(3) कदाचार – सदाचार

(4) सात्विक – तामसिक

(5) अनुत्तरित प्रश्न

21. इनमें से कौन सा शब्द अशुद्ध है ?

(1) प्रज्वलित

(2) सानिध्य

(3) उच्छ्वास

(4) चरागाह

(5) अनुत्तरित प्रश्न

22. 'Post' पारिभाषिक शब्द का समानार्थक हिंदी शब्द नहीं है

(1) पद (2) उपरांत

(3) केंद्र (4) चौकी

(5) अनुत्तरित प्रश्न

23. किस शब्द का संधि-विच्छेद गलत है ?

(1) न्यून = नि + ऊन

(2) वार्त्तालाप = वार्त्ता + अलाप

(3) षण्मास = षट् + मास

(4) वागीश = वाक् + ईश

(5) अनुत्तरित प्रश्न

24. Choose the correct article :
My mother goes to _____ temple regularly.

(1) a (2) an

(3) the (4) no article

(5) Question not attempted

25. Choose the correct translation of the phrase 'dissemination of instruction'.

(1) विघटित करना (2) अनुदेशों का प्रसार

(3) सुस्पष्ट टिप्पणी (4) पत्रों का वितरण

(5) Question not attempted

26. Match the prefixes under Column A with the words under Column B :

| Column A | Column B |
|---|---|
| a. mis | (i) tie |
| b. de | (ii) content |
| c. un | (iii) conduct |
| d. dis | (iv) code |

(1) a-(iv), b-(iii), c-(ii), d-(i)

(2) a-(iii), b-(iv), c-(ii), d-(i)

(3) a-(iii), b-(iv), c-(i), d-(ii)

(4) a-(ii), b-(iv), c-(i), d-(iii)

(5) Question not attempted

27. Choose the appropriate passive form of the given active sentence :
He ought to help her.

(1) She ought to have been helped by him.

(2) She ought to be helped by him.

(3) She ought to have helped by him.

(4) She ought to have been being helped by him.

(5) Question not attempted

28. Choose the verb that agrees with the subject :
Three parts of business _____ left for me to do.

(1) is (2) are

(3) are not (4) were

(5) Question not attempted

3663373

29. राजस्थान के बजट 2025-26 के अनुसार, मुख्यमंत्री अमृत आहार योजना में 3 से 6 वर्ष के बच्चों के अतिरिक्त पोषण हेतु सप्ताह में कितने दिवस दूध उपलब्ध करवाने की घोषणा की गई ?

(1) 3 दिवस

(2) 5 दिवस

(3) 6 दिवस

(4) 7 दिवस

(5) अनुत्तरित प्रश्न

30. निम्नलिखित कथनों पर विचार करें :

(i) बेंगलुरु स्थित इसरो के राष्ट्रीय सुदूर संवेदन केंद्र (एनआरएससी) ने 26 मार्च, 2025 को एनआरएससी में न्यू स्पेस इंडिया लिमिटेड (एनएसआईएल) के साथ मिलकर प्रयोक्ता परस्पर-क्रिया सम्मेलन 2025 (यूआईएम 2025) का आयोजन किया ।

(ii) सम्मेलन का मुख्य विषय 'भारतीय अंतरिक्ष नीति का कार्यान्वयन – स्थिति और भविष्य की दिशा' था ।

ऊपर दिए गए कथनों में से कौन सा/से सही है/हैं ?

(1) केवल (i)

(2) केवल (ii)

(3) (i) और (ii) दोनों

(4) न तो (i) और न ही (ii)

(5) अनुत्तरित प्रश्न

29. According to the budget of Rajasthan 2025-26, under the Chief Minister Amrit Aahar Yojana, announcement was made to provide milk for how many days in a week for additional nutrition of children between 3 and 6 years ?

(1) 3 days

(2) 5 days

(3) 6 days

(4) 7 days

(5) Question not attempted

30. Consider the following statements :

(i) National Remote Sensing Centre (NRSC), ISRO, Bengaluru, conducted the User Interaction Meet 2025 (UIM 2025) in association with New Space India Limited (NSIL) on 26th March, 2025 at NRSC.

(ii) Core theme of the meet was 'Implementation of Indian Space Policy – Status & Way Forward'.

Which of the statements given above is/are correct ?

(1) (i) only

(2) (ii) only

(3) Both (i) and (ii)

(4) Neither (i) nor (ii)

(5) Question not attempted

31. अप्रैल 2025 में त्रिंकोमाली को एक ऊर्जा केंद्र के रूप में विकसित करके क्षेत्रीय ऊर्जा सहयोग को बढ़ावा देने के लिए एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए । भारत और श्रीलंका के अलावा, इस समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर करने वाला अन्य कौन सा देश है ?

(1) जापान
(2) कतर
(3) सिंगापुर
(4) संयुक्त अरब अमीरात
(5) अनुत्तरित प्रश्न

32. अप्रैल 2025 में थाईलैंड द्वारा आयोजित 6वें बिम्सटेक शिखर-सम्मेलन का विषय (थीम) क्या था ?

(1) "बिम्सटेक : मानव संसाधन अवसंरचना के संगठित विकास के लिए"
(2) "बिम्सटेक : समृद्ध, लचीला और खुला"
(3) "बिम्सटेक : जहाजों, चालक दल और कार्गो के लिए राष्ट्रीय उपचार तथा सहायता"
(4) "बिम्सटेक : विवाद निपटान तंत्र"
(5) अनुत्तरित प्रश्न

33. मार्च 2025 में केन्द्र सरकार की, 'स्वदेश दर्शन 2.0 योजना' के अन्तर्गत राजस्थान के किस मंदिर को विकास कार्यों के लिए ₹ 8787 लाख की स्वीकृति मिली है ?

(1) ब्रह्मा मंदिर पुष्कर (अजमेर)
(2) श्री गोविंददेव मंदिर (जयपुर)
(3) श्रीनाथ मंदिर (नाथद्वारा)
(4) श्री खाटूश्याम मंदिर (सीकर)
(5) अनुत्तरित प्रश्न

31. In April 2025, a Memorandum of Understanding (MoU) was signed to promote regional energy cooperation through the development of Trincomalee as an energy hub. Besides India and Sri Lanka, which other country is a signatory to this MoU ?

(1) Japan
(2) Qatar
(3) Singapore
(4) United Arab Emirates
(5) Question not attempted

32. What was the theme of the 6th BIMSTEC Summit hosted by Thailand in April 2025 ?

(1) "BIMSTEC : For organized development of Human Resource Infrastructure"
(2) "BIMSTEC : Prosperous, Resilient and Open"
(3) "BIMSTEC : National Treatment and Assistance to Vessels, Crew and Cargo"
(4) "BIMSTEC : Dispute Settlement Mechanism"
(5) Question not attempted

33. Under the 'Swadesh Darshan 2.0 Scheme', of the Central Government, to which temple of Rajasthan a sanction of ₹ 8787 lakhs is given for the development works, in March 2025 ?

(1) Brahma Temple Pushkar (Ajmer)
(2) Shri Govinddev Temple (Jaipur)
(3) Shrinath Temple (Nathdwara)
(4) Shri Khatu Shyam Temple (Sikar)
(5) Question not attempted

34. मार्च 2025 में भारत के पहले सिकल सेल वेलनेस हब का शुभारंभ राजस्थान के किस जिले में किया गया ?

(1) अजमेर
(2) उदयपुर
(3) जोधपुर
(4) जयपुर
(5) अनुत्तरित प्रश्न

35. 'राष्ट्रीय युवा पुरस्कार 2021-22' और 'विकसित भारत युवा संसद पुरस्कार 2025' के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार करें :

(i) राजस्थान की रिया गुप्ता को सत्र के दौरान उठाए गए सबसे व्यावहारिक और विचारोत्तेजक प्रश्न के लिए 'विकसित भारत युवा संसद पुरस्कार 2025' से सम्मानित किया गया।
(ii) राजस्थान के डॉ. महेंद्र मीणा को व्यक्तिगत श्रेणी में 'राष्ट्रीय युवा पुरस्कार 2021-22' से सम्मानित किया गया।

ऊपर दिए गए कथनों में से कौन सा/से सही है/हैं ?

(1) केवल (i)
(2) केवल (ii)
(3) (i) और (ii) दोनों
(4) न तो (i) और न ही (ii)
(5) अनुत्तरित प्रश्न

36. अप्रैल 2025 में राजस्थान में "ग्रीन जस्टिस" (हरित न्याय) पर कॉन्फ्रेंस कहाँ पर हुई ?

(1) भीलवाड़ा
(2) नाथद्वारा
(3) बारां
(4) जयपुर
(5) अनुत्तरित प्रश्न

34. India's first sickle cell wellness hub was inaugurated in March 2025 in which district of Rajasthan ?

(1) Ajmer
(2) Udaipur
(3) Jodhpur
(4) Jaipur
(5) Question not attempted

35. Consider the following statements about the 'National Youth Awards 2021-22' and 'Viksit Bharat Youth Parliament Awards 2025' :

(i) Riya Gupta of Rajasthan was conferred the 'Viksit Bharat Youth Parliament Awards 2025' for the most insightful and thought-provoking question raised during the session.
(ii) Dr. Mahendra Meena of Rajasthan conferred 'National Youth Awards 2021-22' in the individual category.

Which of the statements given above is/are correct ?

(1) (i) only
(2) (ii) only
(3) Both (i) and (ii)
(4) Neither (i) nor (ii)
(5) Question not attempted

36. Where was the conference on "Green Justice" held in Rajasthan in April 2025 ?

(1) Bhilwara
(2) Nathdwara
(3) Baran
(4) Jaipur
(5) Question not attempted

37. 'खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2025' में राजस्थान के खिलाड़ी द्वारा बनाए गए नवीन रिकॉर्ड के लिए निम्न कथनों पर विचार कीजिए तथा सही विकल्प चुनिए :

**कथन A** : राजस्थान के हंसराज धायल ने डिस्कस थ्रो (1.0 kg) में नया रिकॉर्ड बनाया ।

**कथन B** : हंसराज धायल का डिस्कस थ्रो में नया रिकॉर्ड 68.18 मी. रहा ।

(1) कथन A और B दोनों सत्य हैं ।
(2) केवल कथन A सत्य है ।
(3) केवल कथन B सत्य है ।
(4) कथन A और B दोनों असत्य हैं ।
(5) अनुत्तरित प्रश्न

38. ऊष्माशोषी अभिक्रिया का उदाहरण है :

(1) शाक-सब्ज़ियों (वनस्पति द्रव्य) का कंपोस्ट में विघटन
(2) प्राकृतिक गैस का दहन
(3) श्वसन
(4) सूर्य-प्रकाश की उपस्थिति में सिल्वर क्लोराइड का सिल्वर तथा क्लोरीन में वियोजन
(5) अनुत्तरित प्रश्न

39. 30 अप्रैल 2025 को, 'रामानुजन : जर्नी ऑफ ए ग्रेट मेथमेटिशियन' नामक पुस्तक का विमोचन किया गया :

(1) गणितीय विज्ञान संस्थान द्वारा
(2) भारतीय राष्ट्रीय अभिलेखागार द्वारा
(3) विज्ञान और विरासत अनुसंधान पहल प्रभाग, डीएसटी द्वारा
(4) गणित और अनुप्रयोग संस्थान द्वारा
(5) अनुत्तरित प्रश्न

37. Consider the following statements for the new record created by the player of Rajasthan in 'Khelo India Youth Games 2025' and choose the correct option :

**Statement A :** Hansraj Dhayal of Rajasthan created a new record in discus throw (1.0 kg).

**Statement B :** Hansraj Dhayal's new record in discus throw was 68.18 m.

(1) Both statements A and B are true.
(2) Only statement A is true.
(3) Only statement B is true.
(4) Both statements A and B are false.
(5) Question not attempted

38. An example of endothermic reaction is :

(1) Decomposition of vegetable matter into compost
(2) Burning of Natural Gas
(3) Respiration
(4) Decomposition of silver chloride into silver and chlorine in presence of sunlight.
(5) Question not attempted

39. On 30th April 2025, a book titled 'Ramanujan : Journey of a Great Mathematician' was launched by

(1) Institute of Mathematical Sciences
(2) National Archives of India
(3) Science and Heritage Research Initiative Division, DST
(4) Institute of Mathematics and Applications
(5) Question not attempted

3663373

40. $w_1$ भार की एक वस्तु, $w_2$ भार की एक चेन के द्वारा किसी कमरे की छत से लटकाई जाती है। छत, चेन को जिस बल से खींचती है, वह है

(1) $w_1$

(2) $w_2$

(3) $w_1 + w_2$

(4) $\frac{w_1 + w_2}{2}$

(5) अनुत्तरित प्रश्न

41. यदि एक कार का द्रव्यमान 2000 kg है, तो कार का वेग 10 $ms^{-1}$ से 20 $ms^{-1}$ तक बढ़ाने में किया गया कार्य होगा

(1) 100 kJ

(2) 200 kJ

(3) 300 kJ

(4) 400 kJ

(5) अनुत्तरित प्रश्न

42. कार्बन के एक अपररूप फुलेरीन में होते हैं :

(1) 12 छः सदस्य वलय तथा 20 पाँच सदस्य वलय

(2) 20 छः सदस्य वलय तथा 12 पाँच सदस्य वलय

(3) 16 छः सदस्य वलय तथा 16 पाँच सदस्य वलय

(4) 18 छः सदस्य वलय तथा 16 पाँच सदस्य वलय

(5) अनुत्तरित प्रश्न

40. A body of weight $w_1$ is suspended from the ceiling of a room through a chain of weight $w_2$. The ceiling pulls the chain by a force –

(1) $w_1$

(2) $w_2$

(3) $w_1 + w_2$

(4) $\frac{w_1 + w_2}{2}$

(5) Question not attempted

41. If the mass of a car is 2000 kg, then the work to be done to increase the velocity of the car from 10 $ms^{-1}$ to 20 $ms^{-1}$ will be :

(1) 100 kJ

(2) 200 kJ

(3) 300 kJ

(4) 400 kJ

(5) Question not attempted

42. Fullerene, an allotrope of carbon contains :

(1) 12 six membered rings and 20 five membered rings

(2) 20 six membered rings and 12 five membered rings

(3) 16 six membered rings and 16 five membered rings

(4) 18 six membered rings and 16 five membered rings

(5) Question not attempted

43. राजस्थान में विधानसभा के निर्वाचन हेतु मतदान का समय निम्नलिखित में से कौन नियत करता है ?
(1) भारत का निर्वाचन आयोग
(2) राज्य निर्वाचन आयुक्त, राजस्थान
(3) राज्यपाल, राजस्थान
(4) मुख्य सचिव, राजस्थान
(5) अनुत्तरित प्रश्न

44. भारत के राष्ट्रपति के विषय में निम्नलिखित कथनों को ध्यान से पढ़िये :
(I) राष्ट्रपति उपराष्ट्रपति को संबोधित त्यागपत्र द्वारा अपना पद त्याग सकता है।
(II) राष्ट्रपति अपने इस त्यागपत्र की सूचना प्रधानमंत्री को भी देगा।
सही कथन/कथनों को पहचानिये :
(1) केवल (I) सही है।
(2) (I) एवं (II) दोनों सही हैं।
(3) केवल (II) सही है।
(4) न तो (I), न ही (II) सही है।
(5) अनुत्तरित प्रश्न

45. मस्तिष्क का वह भाग जो शरीर की संस्थिति तथा संतुलन बनाये रखने के लिए उत्तरदायी है :
(1) प्रमस्तिष्क
(2) अनुमस्तिष्क
(3) मेडुला
(4) मध्यमस्तिष्क
(5) अनुत्तरित प्रश्न

43. Who among the following fixes the time for poll for the Rajasthan Legislative Assembly elections ?
(1) Election Commission of India
(2) State Election Commissioner, Rajasthan
(3) Governor, Rajasthan
(4) Chief Secretary, Rajasthan
(5) Question not attempted

44. Read the following statements carefully regarding the President of India :
(I) The President can resign from his position by a resignation addressed to the Vice-President.
(II) The President will also inform the Prime Minister about his resignation.
Identify the correct statement/statements :
(1) Only (I) is correct.
(2) (I) and (II) both are correct.
(3) Only (II) is correct.
(4) Neither (I) nor (II) is correct.
(5) Question not attempted

45. The part of brain responsible for maintaining the posture and balance of the body is
(1) Cerebrum
(2) Cerebellum
(3) Medulla
(4) Mid-brain
(5) Question not attempted

46. लोकसभा में निन्दा-प्रस्ताव से सम्बन्धित निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

(I) निन्दा-प्रस्ताव प्रस्तुत करने हेतु सभा की अनुमति आवश्यक नहीं है ।

(II) निन्दा-प्रस्ताव मंत्रिपरिषद या किसी एक मंत्री या मंत्रियों के किसी समूह के विरुद्ध कार्य करने में असफल रहने या कार्य न करने या उनकी नीति के बारे में प्रस्तुत किया जा सकता है और उसमें मंत्री या मंत्रियों की असफलता पर खेद, रोष या आश्चर्य व्यक्त किया जा सकता है ।

सही विकल्प का चयन कीजिए :

(1) केवल (I) सही है ।

(2) केवल (II) सही है ।

(3) (I) एवं (II) दोनों सही हैं ।

(4) न तो (I), न ही (II) सही है ।

(5) अनुत्तरित प्रश्न

47. भारत के संविधान का कौन सा अनुच्छेद केन्द्रीय मंत्रिपरिषद के सदस्यों का 'राज्य के प्रधान के प्रति व्यक्तिगत उत्तरदायित्व का सिद्धान्त' उल्लेखित करता है ?

(1) अनुच्छेद 75(1)

(2) अनुच्छेद 75(2)

(3) अनुच्छेद 75(4)

(4) अनुच्छेद 75(6)

(5) अनुत्तरित प्रश्न

46. Consider the following statements regarding censure-motion in Loksabha :

(I) No leave of House is required to move a censure-motion.

(II) Censure-motion can be moved against the Council of Ministers or an Individual Minister or a group of Ministers for the failure to act or not to act for their policy and may express regret, indignation or surprise of the House at the failure of Minister or Ministers.

Choose the correct option :

(1) Only (I) is correct.

(2) Only (II) is correct.

(3) Both (I) and (II) are correct.

(4) Neither (I) nor (II) is correct.

(5) Question not attempted

47. Which of the Article of Constitution of India mentions the 'Individual responsibility to the Head of the State' of the Central Council of Ministers ?

(1) Article 75(1)

(2) Article 75(2)

(3) Article 75(4)

(4) Article 75(6)

(5) Question not attempted

366373

48. राजस्थान की लम्बाई एवं चौड़ाई की दूरियों में कितना अन्तर (किलोमीटर में) है ?

(1) 44 कि.मी. (2) 43 कि.मी.

(3) 45 कि.मी. (4) 42 कि.मी.

(5) अनुत्तरित प्रश्न

49. इनमें से कौन सी पहाड़ी मध्य-अरावली क्षेत्र में स्थित है ?

(1) नाग-पहाड़ (2) डोरा पर्बत

(3) नाग पानी (4) बिलाली

(5) अनुत्तरित प्रश्न

50. घग्घर नदी प्रायः किस स्थान पर आकर विलीन हो जाती है ?

(1) भटनेर (2) कोलायत

(3) तलवाड़ा (4) खण्डेला

(5) अनुत्तरित प्रश्न

51. राष्ट्रीय महिला आयोग के अधिदेश के अनुसार, निम्नांकित में से किन शिकायतों पर विचार नहीं किया जाता है ?

(A) श्रम/औद्योगिक विवादों से सम्बन्धित शिकायत

(B) मामला न्यायालय/न्यायाधिकरण के समक्ष विचाराधीन है

(C) विशुद्धतः सेवा मामलों से सम्बन्धित शिकायत

सही विकल्प का चयन कीजिए :

(1) केवल (A) एवं (B)

(2) केवल (A) एवं (C)

(3) केवल (B) एवं (C)

(4) (A), (B) एवं (C)

(5) अनुत्तरित प्रश्न

48. What is the difference (in kilometers) in the distance between the length and the breadth of Rajasthan ?

(1) 44 kms (2) 43 kms

(3) 45 kms (4) 42 kms

(5) Question not attempted

49. Which hill is situated in the Mid-Aravalies ?

(1) Nag-Pahad (2) Dora Parbat

(3) Nag Pani (4) Bilali

(5) Question not attempted

50. At which place Gagghar River generally vanishes ?

(1) Bhatner (2) Kolayat

(3) Talwara (4) Khandela

(5) Question not attempted

51. As per the Mandate of the National Commission for Women, which of the following complaints are not entertained ?

(A) Complaint related to labour/industrial disputes

(B) Matter is subjudice before the Court/Tribunal

(C) Complaint related to purely service matters

Choose the correct option :

(1) Only (A) and (B)

(2) Only (A) and (C)

(3) Only (B) and (C)

(4) (A), (B) and (C)

(5) Question not attempted

**52.** जनगणना 2011 के अनुसार, ऐसे कितने जिले थे जिनमें बाल लिंगानुपात (0-6 वर्ष) 912 था ?

(1) तीन (2) चार

(3) दो (4) पाँच

(5) अनुत्तरित प्रश्न

**52.** As per Census 2011, how many districts were having a child sex-ratio (0-6 yrs) of 912 ?

(1) Three (2) Four

(3) Two (4) Five

(5) Question not attempted

**53.** राजस्थान के निम्नलिखित में से किस जिले में, 'स्पाइस पार्क' स्थापित है ?

(1) टोंक (2) जयपुर

(3) कोटा (4) भरतपुर

(5) अनुत्तरित प्रश्न

**53.** In which of the following district of Rajasthan is 'Spice Park' established ?

(1) Tonk (2) Jaipur

(3) Kota (4) Bharatpur

(5) Question not attempted

**54.** निम्नलिखित में से कौन सा सुमेलित नहीं है ?

| | ऊँट की नस्लें | क्षेत्र |
|---|---|---|
| (1) | नाचना | जैसलमेर |
| (2) | गोमठ | जोधपुर और नागौर |
| (3) | केरुपाल | बीकानेर और चुरू |
| (4) | कुटच्ची | गंगानगर और हनुमानगढ़ |

(5) अनुत्तरित प्रश्न

**54.** Which of the following is not matched correctly ?

| | Breeds of Camel | Area |
|---|---|---|
| (1) | Nachna | Jaisalmer |
| (2) | Gomath | Jodhpur and Nagaur |
| (3) | Kerupal | Bikaner and Churu |
| (4) | Kutchi | Ganganagar and Hanumangarh |

(5) Question not attempted

**55.** शीतऋतु में किन पवनों के साथ शीतोष्ण चक्रवात पाकिस्तान के मार्ग से राजस्थान पहुँचते हैं ?

(1) पछुवा पवनें (2) व्यापारिक पवनें

(3) लू (4) ध्रुवीय हवाएँ

(5) अनुत्तरित प्रश्न

**55.** With which winds do temperate cyclones reach Rajasthan via Pakistan in winter season ?

(1) Westerlies (2) Trade winds

(3) Loo (4) Polar winds

(5) Question not attempted

3663373

56. प्रस्तावित, 'ग्रीन एनर्जी कोरिडोर', राजस्थान के कुल कितने जिलों में से गुजरेगा ?

(1) छः (2) पाँच

(3) सात (4) तीन

(5) अनुत्तरित प्रश्न

57. निम्नलिखित में से किस स्थान पर सूती वस्त्र उद्योग स्थित नहीं है ?

(1) भीलवाड़ा (2) ब्यावर

(3) उदयपुर (4) जालौर

(5) अनुत्तरित प्रश्न

58. कोह्लबर्ग के अनुसार 'नैतिक विकास की एक ऐसी अवस्था जिसमें कोई व्यक्ति अपनी नैतिकता को व्यापकतः वर्तमान में प्रचलित सामाजिक मानकों एवं नियमों के अनुरूप आँकता हैं, को नैतिकता का कौन सा स्तर कहा गया है ?

(1) नैतिकता का पूर्व-रूढ़िगत स्तर

(2) नैतिकता का गैर-रूढ़िगत स्तर

(3) नैतिकता का रूढ़िगत स्तर

(4) नैतिकता का पश्च-रूढ़िगत स्तर

(5) अनुत्तरित प्रश्न

59. राजस्थान में निम्नलिखित में से कौन सा रॉक फॉस्फेट खनन/भण्डार क्षेत्र नहीं है ?

(1) बिरमानिया

(2) मटून

(3) गोठ–मांगलोद

(4) डाकन कोटड़ा

(5) अनुत्तरित प्रश्न

56. Initially, 'Green Energy Corridor' will pass through how many districts of Rajasthan ?

(1) Six (2) Five

(3) Seven (4) Three

(5) Question not attempted

57. At which place of the following, Cotton Textile Mill is not located ?

(1) Bhilwara (2) Beawar

(3) Udaipur (4) Jalore

(5) Question not attempted

58. According to Kohlberg 'a stage of moral development during which individual judge morality largely in terms of existing social norms & rules', is known as which level of morality ?

(1) Pre-conventional level of morality

(2) Un-conventional level of morality

(3) Conventional level of morality

(4) Post-conventional level of morality

(5) Question not attempted

59. Which one of the following is not a mining/reserve area of Rock Phosphate in Rajasthan ?

(1) Birmania

(2) Maton

(3) Goth-Manglod

(4) Dakan Kotra

(5) Question not attempted

60. समायोजन प्रक्रिया में, पियाजे के अनुसार, एक व्यक्ति एक समायोजक प्रकार में अपने मानक सामाजिक संदर्भ से लेता है और समाज के परिवर्तित मूल्यों के अनुसार, अपने विश्वासों को बदल लेता है, वह कहलाता है

(1) समायोजक
(2) आत्मसात्कारी (स्वांगीकारी)
(3) द्वंद्व समाधानकारी
(4) संगठनकर्ता
(5) अनुत्तरित प्रश्न

61. डेनियल गोलमेन के अनुसार, निम्नलिखित में से कौन सा एक संवेगात्मक बुद्धि का घटक नहीं है ?

(1) अभिप्रेरणा
(2) आत्म-सम्मान
(3) स्व-जागरूकता
(4) स्व-नियमन
(5) अनुत्तरित प्रश्न

62. बण्डूरा के अनुसार, अवलोकनात्मक अधिगम हेतु चार परिस्थितियाँ आवश्यक हैं । इन परिस्थितियों का सही क्रम है :

(1) अभिप्रेरणा – अवधान – धारण – पुनरुत्पादन
(2) अवधान – धारण – अभिप्रेरणा – पुनरुत्पादन
(3) अवधान – अभिप्रेरणा – धारण – पुनरुत्पादन
(4) अवधान – धारण – पुनरुत्पादन – अभिप्रेरणा
(5) अनुत्तरित प्रश्न

60. In the process of adjustment, according to Piaget, in an adjustive mode, a person takes her/his standard from social context and changes her/his beliefs in accordance with the altered values of the society, is called :

(1) Accommodator
(2) Assimilator
(3) Conflict resolver
(4) Organizer
(5) Question not attempted

61. According to Danial Goleman, which one of the following is not a component of emotional intelligence ?

(1) Motivation
(2) Self-esteem
(3) Self-awareness
(4) Self-regulation
(5) Question not attempted

62. According to Bandura, four conditions are necessary in observational learning. The right sequence of these conditions is :

(1) Motivation – Attention – Retention – Reproduction
(2) Attention – Retention – Motivation – Reproduction
(3) Attention – Motivation – Retention – Reproduction
(4) Attention – Retention – Reproduction – Motivation
(5) Question not attempted

63. निम्नलिखित में से कौन सी एक रचनात्मक पर्यवेक्षण की विशेषता नहीं है ?

(1) यह वैयक्तिक सर्जनशीलता एवं मौलिकता का विकास करता है ।

(2) इसमें पर्यवेक्षकों का व्यवहार सहयोगी होता है ।

(3) इस प्रकार का पर्यवेक्षण वैज्ञानिक एवं लोकतंत्रीय विधियों का प्रयोग करता है ।

(4) यह प्रधानाध्यापक एवं शिक्षकों की कठिनाइयों को जानने के लिए किया जाता है ।

(5) अनुत्तरित प्रश्न

63. Which of the following is not a characteristic of constructive supervision ?

(1) It develops individual creativity and originality.

(2) In it supervisors' behaviour is supportive.

(3) This type of supervision uses the scientific and democratic methods.

(4) It is done to know the difficulties of the headmaster and teachers.

(5) Question not attempted

64. 'समग्र शिक्षा अभियान' स्कूली शिक्षा के लिए एक योजना है ज़िसका विस्तार है :

(1) पूर्व प्राथमिक से कक्षा XII तक

(2) केवल कक्षा I से X तक

(3) केवल कक्षा I से VIII तक

(4) केवल कक्षा IX से XII तक

(5) अनुत्तरित प्रश्न

64. 'Samagra Shiksha Abhiyan' is a scheme for school education which extends from

(1) Pre-primary to Class XII

(2) Class I to X only

(3) Class I to VIII only

(4) Class IX to XII only

(5) Question not attempted

65. नेतृत्व शैली का एक प्रकार जिसमें अधिकार तथा शक्ति विकेन्द्रित की जा सकती है, परन्तु दायित्व विकेन्द्रित नहीं हो सकता, कहलाता है

(1) जनतंत्रीय नेतृत्व

(2) आधिकारिक नेतृत्व

(3) अहस्तक्षेपीय नेतृत्व

(4) व्यक्तिमूलक नेतृत्व

(5) अनुत्तरित प्रश्न

65. A type of leadership style in which authority and power can be decentralized but responsibilities can not be decentralized, is called :

(1) Democratic leadership

(2) Autocratic leadership

(3) Laissez-faire leadership

(4) Personal leadership

(5) Question not attempted

66. आर.टी.ई. अधिनियम-2009 के अनुसार, शिक्षा प्राधिकारी द्वारा प्रारंभिक शिक्षा की पाठ्यचर्या और मूल्यांकन प्रक्रिया अधिकथित (लेइंग डाउन) करते समय निम्नलिखित में से कौन से विचार को सम्मिलित नहीं किया गया है ?

(1) जहाँ तक साध्य (व्यावहारिक) हो अनुदेशन का माध्यम हिन्दी भाषा में हो ।
(2) संविधान में प्रतिष्ठापित मूल्यों से अनुरूपता ।
(3) गतिविधियों द्वारा और बाल-केन्द्रित तरीके से अधिगम ।
(4) बालक को भय, मानसिक अभिघात और चिन्ता (दुश्चिन्ता) मुक्त बनाना ।
(5) अनुत्तरित प्रश्न

67. आर.टी.ई अधिनियम, 2009 के प्रावधानानुसार, कक्षा एक से पाँच के लिए अगर प्रवेशित बालकों की संख्या 91 से 120 के मध्य हो, तो कितने शिक्षकों की आवश्यकता होगी ?

(1) 2 (दो) (2) 3 (तीन)
(3) 4 (चार) (4) 5 (पाँच)
(5) अनुत्तरित प्रश्न

68. राजस्थान स्टेट ओपन स्कूल के द्वारा परीक्षा में बैठने के लिए निम्नलिखित में से किस विषय/किन विषयों की अनिवार्यता नहीं है ?

(a) गणित
(b) विज्ञान
(c) अंग्रेजी

सही उत्तर का चयन नीचे दिये गये कूट का उपयोग करके कीजिये :

**कूट :**

(1) (a) तथा (c) (2) (b) तथा (c)
(3) केवल (a) (4) केवल (b)
(5) अनुत्तरित प्रश्न

66. According to RTE Act-2009, which one of the following consideration is not included by academic authority while laying down the curriculum and evaluation procedure of elementary education ?

(1) Medium of instruction as far as practical be in Hindi language.
(2) Conformity with the values enshrined in the Constitution.
(3) Learning through activities and child centered manner.
(4) Making the child free of fear, trauma and anxiety.
(5) Question not attempted

67. As per the provisions of RTE Act, 2009, if the number of children admitted for classes one to five is between 91 to 120, then how many teachers will be required ?

(1) 2 (Two) (2) 3 (Three)
(3) 4 (Four) (4) 5 (Five)
(5) Question not attempted

68. Which of the following subject/s is/are not compulsory to appear in the Rajasthan State Open School Examination ?

(a) Mathematics
(b) Science
(c) English

Select the correct answer by using the codes given below :

**Codes :**

(1) (a) and (c) (2) (b) and (c)
(3) only (a) (4) only (b)
(5) Question not attempted

366373

69. लाला लाजपत राय, विपिनचंद्र पाल और बाल गंगाधर तिलक के बारे में गलत कथन चुनिए।

(1) लाला लाजपत राय ने पंजाब उपनिवेशन अधिनियम का विरोध किया।

(2) विपिनचंद्र पाल गाँधीजी द्वारा शुरू किए गए असहयोग आंदोलन के विरोधी थे।

(3) युवाओं में आत्म-विश्वास, आत्म-बलिदान और आत्म-सुरक्षा उत्पन्न करने के लिए तिलक ने लाठी क्लब और अखाड़े स्थापित किए।

(4) 1907 में पाल ने अरबिंदो घोष के विरुद्ध न्यायिक अभियोग में गवाही दी।

(5) अनुत्तरित प्रश्न

70. उस स्थान का नाम बताएँ जहाँ जापानी सरकार ने सुभाषचंद्र बोस को उनके विमान दुर्घटना से पहले ले जाने का फ़ैसला किया था।

(1) मंचूरिया

(2) मॉस्को

(3) बर्लिन

(4) काबुल

(5) अनुत्तरित प्रश्न

71. वह राजा, जिसने गैंडा-हन्ता प्रकार की मुद्राओं को ढलवाया, था

(1) चंद्रगुप्त द्वितीय

(2) समुद्रगुप्त

(3) कुमारगुप्त I

(4) स्कंदगुप्त

(5) अनुत्तरित प्रश्न

69. Choose the incorrect statement regarding Lala Lajpat Rai, Vipin Chandra Pal and Bal Gangadhar Tilak.

(1) Lala Lajpat Rai opposed the Punjab Colonisation Act.

(2) Vipin Chandra Pal was against the Non-Cooperation Movement initiated by Gandhiji.

(3) To generate self-confidence, self-sacrifice and self-defence amongst youth, Tilak founded Lathi clubs and Akharas.

(4) Pal gave evidence against Aurobindo Ghosh in the legal case in 1907.

(5) Question not attempted

70. Name the place where Japanese Government decided to transport Subhas Chandra Bose before his aeroplane crash incident.

(1) Manchuria

(2) Moscow

(3) Berlin

(4) Kabul

(5) Question not attempted

71. The king who artistically minted the Rhinoceros-Slayer type coins was

(1) Chandragupta II

(2) Samudragupta

(3) Kumargupta I

(4) Skandgupta

(5) Question not attempted

72. निम्नलिखित में से किसने 'द आर्कियोलॉजिकल रिमेन्स एण्ड एक्सकेवेशन एट बैराठ' प्रतिवेदन तैयार किया था ?
(1) दयाराम साहनी
(2) बी.बी. लाल
(3) टी.एच. हैण्डले
(4) आर.सी. अग्रवाल
(5) अनुत्तरित प्रश्न

73. दिल्ली के तोमरों को पराजित करने वाला चौहान शासक कौन था ?
(1) दुर्लभराज तृतीय
(2) विग्रहराज द्वितीय
(3) अर्णोराज
(4) विग्रहराज चतुर्थ
(5) अनुत्तरित प्रश्न

74. 1593 में बीकानेर के रायसिंह की सेवाओं से प्रसन्न होकर अकबर ने उन्हें वर्तमान गुजरात में किस स्थान की जागीर प्रदान की ?
(1) सूरत
(2) अहमदाबाद
(3) भड़ौच
(4) जूनागढ़
(5) अनुत्तरित प्रश्न

75. स्वतंत्र मजदूर पार्टी के संस्थापक कौन थे ?
(1) बी.आर. अम्बेडकर
(2) आर.बी. बोस
(3) जे.एल. नेहरू
(4) एम.के. गाँधी
(5) अनुत्तरित प्रश्न

72. Who among the following prepared 'The Archaeological Remains and Excavations at Bairath' report ?
(1) Daya Ram Sahni
(2) B.B. Lal
(3) T.H. Handley
(4) R.C. Agrawal
(5) Question not attempted

73. The Chauhan ruler who defeated Tomars of Delhi was
(1) Durlabhraj III
(2) Vigrahraj II
(3) Arnoraj
(4) Vigrahraj IV
(5) Question not attempted

74. In 1593, pleased with the services of Rai Singh of Bikaner, Akbar gave him the Jagir of which place in present Gujarat ?
(1) Surat
(2) Ahmedabad
(3) Bharauch
(4) Junagarh
(5) Question not attempted

75. Who was the founder of Independent Labour Party ?
(1) B.R. Ambedkar
(2) R.B. Bose
(3) J.L. Nehru
(4) M.K. Gandhi
(5) Question not attempted

## रफ कार्य के लिए स्थान / SPACE FOR ROUGH WORK

366373

366373

366373

366373